# चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : प०नि०/II/811
दिनांक : 15.07.2024

## विज्ञप्ति
## अति–महत्वपूर्ण / सर्वोच्च प्राथमिकता

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय का 36वां दीक्षान्त समारोह माह अगस्त, 2024 में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

छात्र/छात्राओं की श्रेष्ठता सूची समय से जारी किये जाने हेतु मा० कुलपति महोदया द्वारा यह निर्देश प्रदान किये गये हैं कि समस्त पाठ्यक्रमों के अन्तिम सेमेस्टर/वर्ष के परीक्षा परिणाम प्रत्येक दशा में माह जुलाई, 2024 में घोषित कर दिये जायें। तत्पश्चात सभी पाठ्यक्रमों की श्रेष्ठता सूची शीघ्र जारी कर दी जायें और ससमय आपत्तियों का निस्तारण कर लिया जाये।

मा० कुलपति महोदया के निर्देशानुसार ऐसे महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक जिनके द्वारा अभी तक अन्तिम सेमेस्टर/वर्ष के अंक पोर्टल पर अपलोड नहीं किये गये हैं, को निर्देशित किया जाता है कि कृपया वह तत्काल ऑनलाइन अंक अपलोड करा दें ताकि शीघ्रातिशीघ्र परीक्षा परिणाम निर्गत कर, छात्र–छात्राओं की वरिष्ठता सूची जारी की जा सके।

15/07/24

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

01. सचिव, कुलपति को मा० कुलपति महोदया जी के सादर संज्ञानार्थ प्रेषित।
02. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
03. प्रभारी वेबसाईट को इस आश्य से कि उक्त पत्र को विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
04. वित्त अधिकारी को सूचनार्थ।
05. उप–कुलसचिव (गोपनीय/उत्तर पुस्तिका/रिजल्ट सैल)।
06. प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र।

परीक्षा नियंत्रक